बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

सत्र 2026–2028 के लिए राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं नामांकन हेतु इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रथम चयन सूची के आधार पर नामांकन की तिथि दिनांक 14.05.2026 से 18.05.2026 तक विस्तारित करने के संबंध में आवश्यक सूचना

राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–2028 में इण्टरमीडिएट कक्षा में Online Facilitation System For Students (OFSS) प्रणाली से नामांकन किये जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु विज्ञप्ति संख्या– पी॰आर॰ 96/2026 के माध्यम से इण्टर कक्षा में नामांकन हेतु दिनांक 05.05.2026 को समिति के OFSS Website पर प्रकाशित प्रथम चयन सूची के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थानों में दिनांक 05.05.2026 से 12.05.2026 तक नामांकन लिया जाना निर्धारित था। **विद्यार्थियों के हित में दिनांक–14.05.2026 से 18.05.2026 तक अंतिम रूप से विस्तारित किया जाता है।** इस विज्ञापन के माध्यम से उक्त कोटि के सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 18.05.2026 तक** नामांकित विद्यार्थियों का OFSS Website पर ऑनलाईन Updation अधिकतम **दिनांक 19.05.2026** तक किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

2. **प्रथम चयन सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.05.2026 से 18.05.2026 तक के विस्तारित अवधि के दौरान आवंटित शिक्षण संस्थान में नामांकन लेने का यह अंतिम अवसर है। उक्त अवधि के दौरान नामांकन नहीं लेने वाले विद्यार्थियों के आवंटित सीट को रिक्त (Vacant) घोषित कर दिया जायेगा और उनका नाम ओ0एफ0एस0एस0 वेबसाईट से स्वतः हट जायेगा।**

3. **साथ ही, शिक्षण संस्थानों के प्रधान/नामांकन प्रभारी को सूचित किया जाता है कि प्रथम चयन सूची के आधार पर नामांकन (Admission) हेतु चूँकि यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है, इसलिए नामांकित सभी विद्यार्थियों की सूची को हर हाल में दिनांक 19.05.2025 तक ऑनलाईन अपडेट करना सुनिश्चित करें। उसके बाद जो भी सीटें खाली रह जाएंगी, उसे दूसरे विद्यार्थियों को द्वितीय चयन सूची में आवंटित कर दिया जाएगा।**

4. दिनांक 14.05.2026 को जो विद्यार्थी संबंधित संस्थान में नामांकन लेंगे उनकी सूची OFSS वेबसाईट के संस्थान Login में दिनांक 15.05.2026 को निश्चित रूप से संस्थान द्वारा अपडेट कर दिया जाय। इसी प्रकार, दिनांक 15.05.2026 के नामांकित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 16.05.2026 को, दिनांक 16.05.2026 के नामांकित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 17.05.2026 को, दिनांक 17.05.2026 के नामांकित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 18.05.2026 को एवं दिनांक 18.05.2026 के नामांकित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 19.05.2026 को ही संस्थान द्वारा OFSS वेबसाईट पर Login कर अवश्य ही अपडेट कर दिया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित संस्थान एवं उनके प्राचार्य के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

5. इसके अलावा नामांकन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट **https://ofssbihar.net** पर प्राप्त की जा सकती है।

6. अगर उक्त प्रक्रिया में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो हेल्पलाईन दूरभाष संख्या **0612–2230009/0612–2230051** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

7. नामांकन संबंधी शेष शर्तें **विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 96/2026** यथावत् रहेंगे।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 104/2026 | **संयुक्त सचिव (OFSS)**